वी.यू. की माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण एवं कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम के सजीव प्रसारण शुभारंभ एवं कार्यशाला में सक्रिय सहभागिता

जबलपुर। आज दिनांक 11.09.2019 को नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र, जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय में माननीय प्रधानमंत्री जी नेरन्द्र मोदी द्वारा पूरे देश में खुर पका, मुँह पका एवं ब्रूसिलोसिस रोग के उन्मूलन हेतु राष्ट्र व्यापी अभियान तथा कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम के शुभारंभ का सजीव प्रसारण जिले के पशुपालकों के हितार्थ किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य आतिथि माननीय श्री संजय यादव जी, विधायक, बरगी विधान सभा क्षेत्र एवं प्रमण्डल सदस्य ने अपने उद्‌बोधन में किसानों का आवाह्न किया कि इस योजना से जुड़ कर अपने पशुओं का टीका करण प्रतिवर्ष समय पर करावें, ताकि पशुओं को इन रोगों से मुक्त किया जा सकें। कार्यक्रम का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र की प्रमुख डॉ. रश्मि शुक्ला के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के संबोधन का मथुरा से डी.डी. किसान दूरदर्शन चैनल पर सीधा प्रसारण कृषि विज्ञान केन्द्र में किया गया, जिसे 112 किसानों ने देखा व सुना तथा ग्राम केवलारी पनागर पशुचिकित्सा विभाग के सहयोग से टीका करण का कार्यक्रम रखा गया, जिसमें 120 पशुओं में कृत्रिम गर्भाधान का कार्य किया गया। इस अवसर पर नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के डॉ. राजेश शर्मा, अधिष्ठाता, डॉ. सुनील नायक, संचालक विस्तार सेवायें,, डॉ. ए.के. गौर, प्रभारी विभागाध्यक्ष, पशुचिकित्सा एवं पशुपालन विस्तार विभाग एवं कृषि महाविद्यालय के डॉ. एल.एस. सेखावत ने उपस्थित रहकर अपने–अपने समन्वित कृषि प्रणाली के माध्यम से कृषकों की दुगनी आय एवं उनके सशक्तीकरण पर अपने–अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में डॉ. सोलंकी तथा डॉ. श्रीवास्तव ने पावर प्वाइंट के माध्यम से रोग की जानकारी दी।

इस अवसर पर पशुचिकित्सा विभाग के डॉ. पी.के. सोलंकी, डॉ. अविनास श्रीवास्तव, डॉ. ए. के. गुप्ता, डॉ. मनोज वैश्य, डॉ. ज्योति, डॉ. आशा, डॉ. मधु जी पाण्डे, डॉ. दिनेश सिंह, डॉ. ए.के. सिंह व डॉ. अक्षता तोमर का विशेष सहयोग मिला।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर (म.प्र.)